हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 17 जून 2025

04 37 केन्द्रों पर आज से शुरू होगी 10वीं और 12वीं...



09 कमर्शियल मीटर लगाने का काम जारी दूसरे चरण...





## खबर संक्षेप

### एनसीटीई पाठ्यक्रम हेतु सीटों का आवंटन जारी

**नर्मदापुरम।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के प्रथम चरण के अंतर्गत समस्त शासकीय/अनुदान प्राप्त अशासकीय/निजी शासकीय महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष, स्नातकोत्तर एक वर्षीय व स्नातकोत्तर दो वर्षीय पाठ्यक्रमों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रमों हेतु सीट आवंटन जारी किया गया है। प्राचार्य डॉ कामिनी जैन ने बताया कि शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय नर्मदापुरम में स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में कुल 801 छात्राओं को सीट आवंटित की गई है।

### भगवान चित्रगुप्त पर हुई टिप्पणी का हुआ विरोध

**नर्मदापुरम।** अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति ने कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भगवान चित्रगुप्त पर की गई टिप्पणी को लेकर माफी मांगने की मांग की है। अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति की जिला अध्यक्ष ज्योति वर्मा ने कहा कि भगवान चित्रगुप्त पर इस प्रकार की टिप्पणी से समाज आहत है। सुमन वर्मा, प्रीती खरे, रश्मि सक्सैना, मंजू श्रीवास्तव आदि ने विरोध व्यक्त करते हुए कहा कि पंडित मिश्रा अपनी गलती को स्वीकार करें और माफी मांगें।

### संभागीय समीक्षा बैठक 18 जून को

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में 18 जून 2025 को प्रातः 10:30 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

### ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**नर्मदापुरम।** जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि सरकार के खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा विक्रम, एकलव्य, विश्वामित्र, लाइफटाइम अचीवमेंट और स्व. प्रभाष जोशी खेल पुरस्कार 2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

एसटीआर के चौकीदारों पर हमलावर हुआ बाघ

# बाघ शावक मानवीय उपस्थिति पर हो रहा उग्र, जंगल में शावक की सक्रियता वाले क्षेत्र में पैदल गश्ती बंद, हाथियों से की जा रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

17 दिनों में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में दो चौकीदारों पर हमला करने वाला लगभग दो वर्षीय बाघ शावक प्रबंधन के लिए चिंता का विषय बन गया है। अब यह शावक रिजर्व प्रबंधन की सतत निगरानी में है। शावक की निगरानी हाथियों से जंगल भ्रमण कर की जा रही है।

सोमवार को हरिभूमि संवाददाता सोहागपुर ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व असिस्टेंट डायरेक्टर अंकित जामोद से चर्चा की। जामोद से संवाददाता ने पूछा कि क्या बाघ अभी भी मानवीय उपस्थिति पर उग्रता दिखा रहा है। तो अंकित जामोद ने कहा कि बाघ मनुष्यों को बहुत अधिक समीप देखकर ही उग्र हो रहा है। अतः जिप्सी एवं हाथियों द्वारा बाघ शावक की सक्रियता के क्षेत्र गश्ती की जा रही है। ताकि शावक घने जंगल क्षेत्र में ही बना रहे। एवं चौकीदारों, कर्मचारियों व पर्यटकों की शावक की सक्रियता क्षेत्र में पहुंच ना हो। उल्लेखनीय है कि इस बाघ शावक ने 28 मई की रात तथा 14 जून की दोपहर चौकीदारों पर हमला कर दिया था।



फरवरी 2024 की तस्वीर में सबसे सामने दिखाई देता शावक, जब शावक की आयु थी छह माह।

### होगा शावक का रेस्क्यू..??

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्रों के अनुसार चौकीदारों पर हमले के बाद से शावक उग्र है। भविष्य में बाघ शावक मनुष्य पर हमला न करे, इसके लिए संभावना है कि इसका रेस्क्यू किया जा सकता है। हरिभूमि संवाददाता ने सोमवार शाम सतपुड़ा टाइगर रिजर्व फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा से चर्चा की। उन्होंने बताया कि बाघ शावक की उग्रता की सूचना उन्होंने भोपाल स्थित हेडक्वार्टर को भी दी है। बाघ को रेस्क्यू करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी ऐसा कुछ निश्चित नहीं है। अधिकारियों से मार्गदर्शन लिया जा रहा है। राखी नंदा ने कहा कि बाघ की सतत निगरानी की जा रही है व उसकी सक्रियता के क्षेत्र में पैदल गश्ती पूर्ण रूप से बंद करने की बात कही है।

### शुरू से निडर है बाघ शावक

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सूत्रों ने बताया कि यह बाघ का शावक काफी निडर व उग्र स्वभाव का है। फरवरी 2024 में शावक छह माह का था और यह तब भी पैदल या जिप्सी में सवार गश्ती दल के समीप तक बिना डरे आने के प्रयास करता था। तभी से इस शावक पर नजर भी रखी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार भी बाघ शावकों की मॉनिटरिंग की जाती है। देखना होगा कि किसी अन्य हमले को रोकने के लिए रिजर्व प्रबंधन क्या कदम उठाता है।

कांग्रेस नेता ने कहा प्रदेश सरकार ने किसानों के साथ छल किया है

# किसान हित में जिले भर में निकाली गई किसान यात्रा का हुआ समापन

किसानों की समस्याओं का समाधान करने में प्रदेश सरकार विफल रही है। यह बात सोमवार को पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष पुष्पराज पटैल ने कही। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के साथ छल किया जा रहा है। यह बात सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं किसान नेता पुष्पराज पटैल ने कही। उन्होंने कहा कि यह कैसी किसान हितेशी सरकार है जो एक तरफ किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती है परंतु किसानों की आय दो गुनी तो नहीं हुई पर किसानी में आने वाली हर चीज, हर संसाधन चौगुने कीमत पर जरूर हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा किसानों के गेहूं को 2700 रूपए और धान को 3100 रूपये खरीदने का वायदा किया था वह भी सरकार पूरा नहीं कर सकी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा निकाली गई किसान यात्रा के दौरान किसानों द्वारा बताई गई समस्याओं के समाधान को पूरा कराने में सफलता मिली है। इसके बावजूद भी समस्या व्यापक हैं।

### कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को नायब तहसीलदार सृष्टि डेहरिया को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौपा। जिसमें उल्लेख किया कि नर्मदापुरम सहित प्रदेश के कई जिलो में तीसरी फसल के रूप में मूंग की फसल व्यापक क्षेत्रफल में ली जा रही है जो कि मध्यप्रदेश की आर्थिक सम्पन्नता में किसानों की भागीदारी का प्रमाण है। बीते दोनों सरकार द्वारा मूंग को जहरीली बताकर खरीदी करने से इनकार किया गया। जिससे उत्पन्न कीसानों की पीड़ा को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बनखेडी के पांसी घाट से प्रारंभ कर सात दिवसीय किसान अधिकार यात्रा संपूर्ण जिले में निकली गई। जिसमें किसानों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए निकारण की मांग की।

# नर्मदा में डूबे इटारसी के दोनों बच्चों के शव मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



दिलखुश ठाकुर



यश मेहरा

नर्मदापुरम जिले में नर्मदा नदी में डूबे इटारसी के दो दोस्तों के शव सोमवार सुबह मिले। एक दिन पहले रविवार को वे किताबें खरीदने घर से निकले थे, लेकिन किताबें नहीं मिलीं, तो वे घूमने निकल गए। नर्मदा घाट पर पहुंचे, जहां नहाते वक्त दिलखुश ठाकुर (20) और यश मेहरा (17) की डूबने से मौत हो गई।

दिलखुश के भाई और यश के दोस्त कृष्णा ठाकुर ने बताया कि रविवार को हम स्कूल की तैयारी के लिए बुक्स लेने निकले थे। यश घर से 1700 रुपए लेकर आया था। बाजार में दुकानें बंद मिलीं तो उसने कहा चलो कहीं घूमने चलते हैं। फिर हम तीनों नर्मदा स्नान के लिए निकल गए। कृष्णा ने बताया कि मैं किनारे नहा रहा था। भैया और यश सुरक्षा चेन पार कर गहरे पानी में चले गए। थोड़ी ही देर में डूबने लगे। मैंने घाट पर मौजूद लोगों से मदद मांगी लेकिन कोई नहीं आया। मेरी आंखों के सामने दोनों पानी में समा गए।

### 12 घंटे बाद मिला शव

घटना रविवार शाम करीब 5:30 की है। दो छात्रों की डूबने की सूचना पर रविवार शाम को पुलिस और होमगाड्‌र्स ने रेस्क्यू शुरू किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण दो घंटे में रोकना पड़ा। सोमवार सुबह 5.30 बजे दोबारा सर्च अभियान शुरू हुआ। करीब एक घंटे बाद दिलखुश ठाकुर का शव बरामद हुआ। वहीं, दूसरा शव सुबह 7:45 बजे यश मेहरा (17) का घाट से एक किलोमीटर दूर कोरीघाट से SDRF टीम ने बरामद किया।

### इकलौता था यश

यश्न सोमवार को स्कूल के पहले दिन क्लास में जाने वाला था, लेकिन उसी दिन उसकी अर्थी उठी। यश ने इसी साल गुरुनानक पब्लिक स्कूल से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की। दोनों ने 11वीं में बायो विषय में एडमिशन लिया था। बड़े भैया दिलखुश ठाकुर ने इसी साल सीएम राइज स्कूल से 12वीं पास की। यश तीन बहनों का इकलौता भाई था। वहीं, दिलखुश के पिता नरेश ठाकुर रेलवे में टेक्नीशियन हैं।

# स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल का कैडेट प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के कक्षा 8 के छात्र शेख फैजान का चयन राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप के लिए रवाना हुआ है।

कैंप–3, 17 जून से 24 जून तक अमरकंटक में आयोजित होगा। इस प्रतिष्ठित कैंप में भाग लेने के लिए एनसीसी 13 एमपी बटालियन के विभिन्न विद्यालयों और महाविद्यालयों के कुल 10 होनहार कैडेट्स को चुना गया है, जिनमें स्प्रिंगडेल्स के कैडेट का अपनी बटालियन का प्रतिनिधित्व करना जिले के लिए गर्व की बात है। छात्र फैजान इस चयन के साथ न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगे। यह ट्रैकिंग कैंप कैडेट्स के शारीरिक, मानसिक एवं नेतृत्व कौशल के विकास के लिए जाना जाता है। कैंप के दौरान प्रतिभागी साहसिक गतिविधियों के अंतर्गत रॉक क्लाइंबिंग, पैराग्लाइडिंग, मैप रीडिंग ,शैक्षणिक भ्रमण, ट्राइबल महाविद्यालय एवं हर्बल गार्डन जैसी गतिविधियों में भाग



लेंगे। मार्गदर्शन हेतु नायब सूबेदार रामावतार एवं हवलदार अजीत कुमार कैडेट्स के साथ मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी एवं प्राचार्या मोना चटर्जी ने छात्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा, राष्ट्रीय स्तर पर छात्रों का चयन न केवल स्कूल की गुणवत्ता को दर्शाता है बल्कि ऐसे कैंप विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्कूल एनसीसी केयरटेकर ऑफिसर शेख कमर ने कहा कि राष्ट्रीय ट्रैकिंग कैंप में चयन होना छात्र की लगन और स्कूल के मार्गदर्शन का परिचायक है।

# सिंगानामा में तेंदुए ने 7 साल के बच्चे पर किया हमला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

घटना सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के सिंगानामा कतियाढाना रोड स्थित ठोगापुरा में रविवार शाम करीब सात बजे की है। प्रहलाद इरपाचे ठाकुर घर के बाहर खेल रहा था। इसी बीच तेंदुए ने बच्चे को पकड़ लिया। चीखने की आवाज सुनकर मां शीला बाई, पिता भगतराम और अन्य परिजन घर से बाहर आए। हिम्मत दिखाकर किसी तरह तेंदुए से बच्चे को छुड़ाया।

परिजन बच्चे को लेकर नजदीकी मटकुली गांव पहुंचे। यहां से डिप्टी रेंजर पंकज यादव की टीम ने प्रहलाद को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल



पहुंचाया। जहां डॉ. देवेंद्र ठाकुर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सोमवार को पिपरिया मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।एसडीओ संजीव शर्मा ने कहा- तेंदुए के हमले से मृत बच्चे के परिवार को 8 लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाएगी। गांव जंगल से लगा हुआ है इसलिए वन्य प्राणियों का मूवमेंट बना रहता है।

### आज से 5 जुलाई तक 19 केंद्रों पर होगी परीक्षा

**नर्मदापुरम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी की द्वितीय परीक्षा 17 जून 2025 से 5 जुलाई तक प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। यह परीक्षाएं जिले के कुल 19 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न होंगी। परीक्षा की सुचारु एवं सुरक्षित संचालन हेतु कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा कलेक्टर प्रतिनिधियों की ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा सामग्री का वितरण कलेक्टर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि, तहसील देव शंकर धुर्वे के मार्गदर्शन में किया जाएगा। यह सामग्री सभी निर्धारित परीक्षा केंद्रों तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने की जिम्मेदारी कलेक्टर प्रतिनिधियों को सौंपी गई है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना बनी परिवर्तन का साधन



**नर्मदापुरम।** जिले के विकासखंड पिपरिया के ग्राम धनश्री की सोमकला पटेल एवं जोगेन्द्र पटेल ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की मिसाल कायम की है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उन्हें अनुदान प्राप्त हुआ, जिससे उन्होंने अपने खेत में नवीन तालाब का निर्माण कर मत्स्य पालन का कार्य आरंभ किया। अनुदान प्राप्त कर उन्होंने फीड मिल, बायोफ्लॉक टैंक तथा तालाब की स्थापना एवं संचालन के लिए आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। विभाग द्वारा निरंतर सहायता प्रदान की गई जिससे उनका उत्पादन 50 से 60 टन तक पहुँच गया। इस उत्पादन से उन्हें 20 से 25 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।

# अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अहमदाबाद में हाल ही में हुए भीषण विमान हादसे में 270 यात्रियों की मौत से पूरे देश में शोक की लहर है। इस हृदयविदारक घटना पर शोक व्यक्त करते हुए गोल्डन वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को एक विशेष श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। सोसाइटी के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सोसाइटी के अध्यक्ष ने कहा कि यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि सैकड़ों परिवारों की आशाओं और सपनों का टूटना है। उन्होंने सरकार से हादसे की निष्पक्ष जांच और मृतकों के परिजनों को समुचित सहायता देने की मांग की।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी शामिल हुए।

## डॉ विनोद निगम का द्वितीय पुण्य स्मरण समारोह आयोजित

# डॉ निगम ने नवगीतों के माध्यम से गांवों की सुंगध बिखेरी है सीधे सरल शब्दों में गहरी बात कहते थे : डॉ सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल के प्रसिद्ध नवगीतकार स्व. डॉ विनोद निगम की द्वितीय पुण्यतिथि पर 'गीतों के गांव चले आए' कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीतकार डॉ सुरेश लखनऊ, के मुख्यातिथ्य पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा की अध्यक्षता एवं देश के वरिष्ठ साहित्यकार मप्र हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष पलाश सुरजन, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा के विशिष्ठ आतिथ्य में एनईएस कालेज के सभागार समारोह आयोजित हुआ। डॉ विनोद निगम के गीत का संगीतमय गायन डॉ नमन तिवारी ने किया। गत वर्ष की भांति मुख्य अतिथि द्वारा एम हिन्दी गृह विज्ञान महाविद्यालय में





सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली वर्षा पुरोहित का गोल्ड मेडल व प्रमाण पत्र से सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि डॉ सुरेश ने कहा कि डॉ विनोद निगम का व्यक्तित्व विराट था। उनसे कई तरह की सीख मिलती थी। शहरों में रहते हुए गांवों से यात्रा से उनका विशेष लगाव था। उन्होंने नवगीतों के माध्यम से गांवों की सुंगध बिखेरी है। सीधे सरल शब्दों में गहरी बात कहते थे। अशोक जमनानी ने कहा कि उनके गीत के बोल अच्छा लगता है वास्तव उनकी स्मृति में ऐसे आयोजन होना अच्छा लगता है। डॉ निगम ने गीतों में शब्दों के जो प्रयोग किए हैं उनके गहरे अर्थ हैं। पं भवानी शंकर शर्मा एवं पं गिरजा शंकर शर्मा ने डॉ निगम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके गीतों में विशेष संदेश है।

कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश उपाध्याय ने डॉ निगम के गीतों और उनके व्यवहार के संबंध में विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ निगम के परिजन प्रियजन मित्रगण, के साथ ही रघुराज सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, राकेश फौजदार, आशा उपाध्याय, रश्मि दीक्षित, रामसेवक शर्मा, महेश मूलचंदानी, बलराम शर्मा, तुकाराम यादवेश सहित अनेक लोग शामिल रहे। आभार प्रदर्शन संजय गार्गव ने किया।

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आयोजन के पूर्व किया गया योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम हेतु निर्धारित थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग का आयोजन "योग पार्क" गतिविधि के अंतर्गत पूर्व योगाभ्यास कार्यक्रम आज 16 जून 2025 को नेहरू पार्क, नर्मदापुरम में प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय योगदिवस के लिए निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार सभी योग मुद्राओं, आसनों का योगाभ्यास योगा ट्रेनर एवं योग प्रशिक्षक नरेंद्र गौर,कमलेश गौर,रघुवीर सिंह राजपूत,मुकेश मालवीय,नंदकिशोर रघुवंशी,जयंत रावत,पवन रैकवार ,कु.शिक्षा नागर ,कु.मेघा कौशिक आदि शामिल रहीं।

## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बैतूल।** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाली टीआई रविकांत डहरिया ने बताया कि एक 42 साल की महिला ने कन्हैया पवार के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी ने शादी का वादा करके महिला को प्रेम जाल में फंसाया था। उसने महिला को किराए का मकान दिलाकर अपने पास रखा। जब कन्हैया दूसरी शादी की तैयारी करने लगा, तब महिला ने धोखाधड़ी और रेप की शिकायत दर्ज कराई। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### कोयले की वैगन में सुलगी आग

**बैतूल।** बैतूल रेलवे स्टेशन पर सोमवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब कोयले से भरी मालगाड़ी के तीन से चार वैगनों से अचानक धुआं उठने लगा। यह मालगाड़ी स्टेशन की लूप लाइन में खड़ी थी, जिससे मुख्य रेल यातायात प्रभावित नहीं हुआ। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि कोयले में सेल्फ इग्निशन यानी स्वतः सुलगने की प्रक्रिया के कारण आग लगी। विशेषज्ञों के अनुसार, यह तब होता है जब कोयले का तापमान धीरे-धीरे बढ़ता है और ऑक्सीजन की मौजूदगी में वह खुद ही जल उठता है। जैसे ही धुएं की सूचना मिली, रेलवे अधिकारियों और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि आग की तीव्रता ज्यादा नहीं थी, लेकिन अगर समय पर आग नहीं बुझाई जाती तो, बड़ा नुकसान हो सकता था। रेलवे प्रशासन ने पुष्टि की है कि इस घटना से कोई जनहानि नहीं हुई और न ही यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई है। चूंकि मालगाड़ी लूप लाइन में खड़ी थी, मुख्य लाइन पर किसी भी ट्रेन के संचालन में बाधा नहीं आई। रेलवे विभाग ने आग लगने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### परीक्षा में शामिल होंगे 13,155 विद्यार्थी, तैयारियां पूरी

# 37 केन्द्रों पर आज से शुरू होगी 10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10वीं और 12वीं की दोबारा परीक्षा आज 17 जून से शुरू होगी। इसके लिए गोपनीय सामग्री का वितरण किया जा चुका है। जिले में कुल 37 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर लगभग 13,155 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को लेकर जिला शिक्षा विभाग ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। बता दे कि माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पूरक यानी सप्लीमेंट्री के प्रावधान खत्म कर दिया है। इसकी जगह फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिए रूक जाना नहीं, के अंतर्गत द्वितीय परीक्षा का प्रॉवधान लागू किया है। इस प्रॉवधान में ऐसे विद्यार्थी दोबारा परीक्षा दे सकते है, जो 10वीं-12वीं की मुख्य परीक्षा में किसी कारणवश अनुपस्थित रहे या फेल हो गये। इस प्रॉवधान में ऐसे विद्यार्थी भी शामिल हो सकते है, जिनके कम अंक आये हो और अंक सुधार के लिए, जिन्होने दोबारा फार्म भरे हो। अब उनकी परीक्षा 17 जून से प्रारंभ होगी। जिसके लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां कर ली है। वैसे इस साल जिले में 10वी और 12वी के कुल 7719 विद्यार्थी फेल हुए हैं। जिसमें 10वी के 3999 और 12वी के 3720 विद्यार्थी शामिल है।

#### इन स्कूलों को बनाया है परीक्षा केंद्र

जिले में द्वितीय परीक्षा के लिए कुल 37 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। जिसमें एमएलबी, कन्या स्कूल गंज, कृषि विद्यालय बैतूल बाजार सहित कुल 37 केन्द्र बनाये गये है। इन केन्द्रों पर कुल 13155 छात्र-छात्राएं परीक्षा देगी। जानकारी के अनुसार द्वितीय शामिल होने वाले विद्यार्थियों की मार्कशीट भी मुख्य परीक्षा की तरह ही होगी। इसमें कोई विशेष निशान या चिह्न नहीं होगा, जो यह दर्शाए कि छात्र ने किसी विषय की द्वितीय परीक्षा दी है। हालांकि मार्कशीट के मुख्य भाग में यह जरूर लिखा होगा कि यह द्वितीय परीक्षा का परिणाम है। अगर कोई छात्र द्वितीय परीक्षा में अपने अंक सुधार लेता है या नहीं सुधार पाता तो भी वह अगले सत्र में फिर से नियमों के तहत श्रेणी सुधार के लिए परीक्षा दे सकता है।

#### 10 वीं की 26 और 12वीं की 5 जुलाई तक चलेगी परीक्षा

10वीं और 12वीं की द्वितीय परीक्षा 17 जून को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे के बीच होगी। 10वीं की परीक्षा 26 जून और 12वीं की परीक्षा 5 जुलाई तक चलेगी। जानकारी के अनुसार कॉपियों की चेकिंग कर 20 जुलाई से लेकर जुलाई के अंत तक रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। जिला शिक्षा कार्यालय के योजना अधिकारी सुबोध शर्मा ने बताया कि द्वितीय परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा 2 जून से स्कूलों में कक्षाएं लगाई जा रही थी, ताकि विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम बेहतर आये। वहीं शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए मटेरियल वितरित किया गया था। जिसके आधार पर बच्चे परीक्षा की तैयारी कर सकते है।

#### 10वीं और 12वीं के 28,799 में से 7,719 विद्यार्थी फेल

जानकारी के अनुसार इस बार बैतूल जिले से कक्षा 10वीं और 12वीं में कुल 28,799 विद्यार्थी शामिल हुए थे। जिले में दसवीं में 16567 ने परीक्षा दी। जिसमें से 16563 के रिजल्ट घोषित किए, जिनमें 13164 उत्तीर्ण हुए। इनमें 8163 प्रथम, 4915 द्वितीय और 86 ने तृतीय स्थान लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की। जबकि 3399 बच्चे फेल हो गए। वहीं 12वीं में 12232 मे से 12216 का रिजल्ट घोषित किया। इसमें 8496 बच्चे उत्तीर्ण हुए। इनमें 5148 प्रथम, 3328 द्वितीय तथा 20 बच्चे तीसरे स्थान पर रहे। वहीं 3720 विद्यार्थी फेल हुए।

#### तीन तरह के छात्र परीक्षा में हो रहे शामिल

इस परीक्षा में तीन तरह के छात्र शामिल हो रहे हैं। पहले- जो मुख्य परीक्षा में एक या अधिक विषयों में फेल हो गए। दूसरे जो किसी कारण मुख्य मुख्य परीक्षा में अनुपस्थित रहे। तीसरे-जो पास तो हुए, लेकिन अपने अंकों को बेहतर करना चाहते हैं। इसके लिए छात्रों को सिर्फ उन विषयों की ही परीक्षा देना होगी जिनके लिए उन्होंने आवेदन भरा है। यह व्यवस्था राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत लाई गई है। इसमें बोर्ड परीक्षाओं के दबाव को कम करने के लिए छात्रों को एक साल में दो बार परीक्षा देने का मौका देने की बात कही गई है।

#### नंबर बढने पर भी नहीं बदलेगी मेरिट लिस्ट

जानकारी के अनुसार एमपी बोर्ड की 10वीं, 12वीं की मुख्य परीक्षा में फेल होने, अनुपस्थित रहने वाले या अपने अंकों में सुधार करवाने के इच्छुक छात्र द्वितीय परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। हालांकि इस द्वितीय परीक्षा के नतीजों का मेरिट लिस्ट पर असर नहीं पड़ेगा। यानी, मेरिट लिस्ट सिर्फ मुख्य परीक्षा के आधार पर ही बनाई गई थी, वहीं मान्य होगी। एमपी बोर्ड ने साफ किया है कि दूसरी परीक्षा में शामिल किसी छात्र के अंक पुरानी मेरिट लिस्ट में शामिल किसी छात्र से ज्यादा आ भी जाते हैं तो भी लिस्ट में शामिल नहीं किया जाएगा। उसकी मेरिट लिस्ट अलग से भी नहीं बनेगी। इस शर्त से उन छात्रों को निराशा हो सकती है, जो अपने रैंक को बेहतर करना चाहते हैं।

#### इनका कहना है

आज 17 जून से 10वीं-12वीं की द्वितीय परीक्षा शुरू हो रही है। जिसके लिए पूरे जिले में 37 केन्द्र बनाये है। वहीं रविवार को गोपनीय सामग्री का वितरण कर दिया गया है और परीक्षा को लेकर अन्य तैयारियां भी पूर्ण कर ली गई है।

\- **सुबोध शर्मा**, परीक्षा प्रभारी, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बैतूल

## नाश्ते की दुकान के गैस सिलेंडर में लगी आग, दमकल ने पाया काबू



**बैतूल।** बैतूल के गंज बाजार में सोमवार सुबह एक होटल में गैस सिलेंडर से अचानक आग की लपटें निकलने लगीं। पास की दुकानों और होटल स्टाफ ने तुरंत कार्रवाई की, जिससे सिलेंडर फटने से पहले ही आग पर काबू पाया जा सका। प्राथमिक जांच में सामने आया कि सिलेंडर का नोजल ढीला था, जिससे गैस रिसाव हुआ और वहीं से आग भडक़ गई। होटल कर्मचारी ने तत्काल सिलेंडर को हटाकर बड़ा हादसा टाल दिया। आसपास के दुकानदारों ने फायर एक्सटिंगिवीशर से आग बुझाने की कोशिश की और नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर टीम ने मौके पर पहुंची। टीम ने शुरुआत में पानी डाला, लेकिन आग की लपटें निकल रही थी। जिसके बाद विशेष उपकरणों से आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बाजार क्षेत्र की दुकानों में फायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की जाए और सुरक्षा उपायों को अनिवार्य किया जाए।

## उद्यमी की हर समस्या के साथ हैं: लघु उद्योग भारती




**बैतूल।** विदिशा में लघु उद्योग भारती की प्रांतीय अभ्यास वर्ग की बैठक संपन्न हुई। उक्त कार्यक्रम में लघु उद्योग की नई प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा व उद्यमि औद्योगिक नीति व संगठन की विकास व कार्य योजना पर लघु उद्योग भारती के सभी वरिष्ठोंगण का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उक्त बैठक में बैतूल इकाई से राजा साहू व अम्बेश बलुआपुरी, सुनील धोटे आदि शामिल हुए। बैतूल जिले इकाई की ओर से राजा साहू द्वारा युवा रोजगार, सहयोग व ओडीओपी की टिकवुड कार्ययोजना व अन्य विषय पर अपनी बात रखी। इसके बाद प्रांतीय पदाधिकारिओं से विस्तृत चर्चा एवं विचार विमर्श कर अगामी कार्ययोजना के लिए मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## किसानों को पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो: कलेक्टर सूर्यवंशी

**बैतूल।** जिले में विपणन वर्ष 2025-26 ग्रीष्मकालीन फसल मूंग और उड़द के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 19 जून से 5 जुलाई तक किया जाएगा। कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पंजीयन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा या परेशानी किसानों को न हो। इस प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए जिले में कुल 36 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। कलेक्टर सूर्यवंशी ने पंजीयन केंद्रों की सतत निगरानी और निरीक्षण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं, ताकि सभी व्यवस्थाएं सही और समय पर हो सकें। कलेक्टर सूर्यवंशी ने कहा कि पंजीयन केंद्रों पर हर प्रकार की सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि किसान आसानी से अपना पंजीयन करा सकें। इसके अलावा किसानों को पंजीयन के दौरान किसी भी प्रकार के दस्तावेज या अन्य आवश्यक जानकारी के बारे में पूर्व में सूचना दी जाए, ताकि वे पूरी तैयारी के साथ पंजीयन करवा सकें।

## लायंस क्लब बैतूल के अध्यक्ष बने बीआर कुबड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल


लायंस क्लब बैतूल सिटी की वर्ष 2025-26 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा हाल ही में संपन्न हुई। नामांकन समिति की बैठक में लायंस संविधान के अनुसार चयन प्रक्रिया पूरी की गई। एमजेएफ लायन केआर देशमुख ने बताया कि नामांकन समिति द्वारा चुने गए पदाधिकारियों की सूची बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत की गई थी, जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। इसके पश्चात नवगठित कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई।



इस वर्ष के लिए लायंस क्लब बैतूल सिटी के अध्यक्ष एमजेएफ लायन बी आर कुबड़े होंगे। सचिव पद की जिम्मेदारी एमजेएफ लायन अक्षय अग्रवाल को दी गई है, वहीं कोषाध्यक्ष लायन शिशिर चौधरी बनाए गए हैं। प्रथम उपाध्यक्ष एमजेएफ लायन नीरजा श्रीवास्तव और द्वितीय उपाध्यक्ष लायन डॉ. संतोष जैसवाल को नियुक्त किया गया है। सह सचिव लायन प्रीति अग्रवाल और सह कोषाध्यक्ष लायन नीलम दुबे को बनाया गया है। प्रमुख समितियों के अध्यक्षों की नियुक्ति इस प्रकार की गई है, मेंबरशिप चेयरपर्सन एमजेएफ लायन रविंद्र कौर बग्गा, सर्विस ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन डॉ. के. पी. पाटणकर, एलसीआईएफ चेयरपर्सन एमजेएफ लायन के. आर. देशमुख, मार्केटिंग चेयरपर्सन लायन राजेश कारे, हंगर ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन अर्चना अग्रवाल, दृष्टि ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन डॉ. वसंतकुमार श्रीवास्तव, डायबिटीज़ ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन संगीता अवस्थी, चाइल्डहुड कैंसर ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन अतुल गोठी, एनवायरनमेंट चेयरपर्सन लायन भगवंत बोहरपी, परमानेंट ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन अनिल दुबे, ई-वेस्ट मैनेजमेंट चेयरपर्सन लायन राहुल पटेल, ब्लड डोनेशन चेयरपर्सन लायन नीरज गलफट, पीस पोस्टर प्रतियोगिता चेयरपर्सन एमजेएफ लायन निर्मला डागा तथा को चेयरपर्सन लायन साधना हेंड, स्वास्थ्य ऐक्टिविटी चेयरपर्सन लायन डॉ. पुनीत श्रीवास्तव, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर लायन विवेक पटेल, ग्रीटिंग चेयरपर्सन लायन नीलम दुबे और एंटरटेनमेंट कमेटी चेयरपर्सन लायन कमलजीत सिंह बग्गा को बनाया गया है। अन्य पदाधिकारियों में टेलर लायन हरीश गड़ेकर और टेमर लायन बंटी वर्मा को शामिल किया गया है। डायरेक्टर्स के रूप में एमजेएफ लायन पी. एस. बग्गा (पीडीजी), एमजेएफ लायन रामप्रकाश गुगनानी, एमजेएफ लायन के. के. वर्मा, लायन जितेंद्र कपूर, लायन डॉ. अनिल गोठी, लायन मनीष ठाकुर, एमजेएफ लायन उषा द्विवेदी, एमजेएफ लायन एच. एस. रघुवंशी, एमजेएफ लायन अलका तातेड़, एमजेएफ लायन कश्मीरीलाल बत्रा, एमजेएफ लायन मोहन अग्रवाल, एमजेएफ लायन शोभा भट्ट, एमजेएफ लायन बृजमोहन भट्ट, लायन नरेन्द्र शुक्ला, लायन प्रताप देशमुख, एमजेएफ लायन संदीप गुप्ता, लायन राजीव भार्गव और लायन दिनेश महस्की की नियुक्ति की गई है। नई कार्यकारिणी की घोषणा के बाद लायंस क्लब बैतूल महक एवं लायंस क्लब बैतूल ऐमिगोस के सभी सदस्यों ने नव नियुक्त टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

### शंकराचार्य ने किया पवित्र कुंडों का भ्रमण

## मानव जीवन मुश्किल से मिलता है इसे धर्म पुण्य कर्म में लगाएं



**मुलताई।** राम मंदिर ट्रस्ट भूमि पर 12 जून से प्रारंभ सूर्य महायज्ञ एवं सवा करोड़ शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम में भाग लेने मां ताप्ती की पावन धरा, पवित्र नगरी मुलताई पहुंचे द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य सदानन्द सरस्वती जी यज्ञ स्थल पहुंचे जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। अनेक श्रद्धालुओं ने दंडवत प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। ताप्ती उदगम उद्धार समिति द्वारा मेला ग्राउंड पर आयोजित विशाल सूर्य यज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण सभा स्थल को संबोधित करते हुए जगतगुरु शंकराचार्य सदानन्द सरस्वती जी ने कार्यक्रम में शामिल हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन बहुत मुश्किल से मिलता है। अगर भगवान ने यह जन्म दिया है तो इसे भजन, पूजन, धर्म और अच्छे कर्मों में लगाए। उल्लेखनीय है कि जगतगुरु शंकराचार्य 15 जून की शाम को नागपुर सडक़ मार्ग से मुलताई पहुंचे थे वह समाजसेवी उपेंद्र पाठक के निवास पर ठहरे हुए थे जहां से आज वह यज्ञ स्थल पर पहुंचे हैं।

#### सूर्यकुंड व प्राचीन ताप्ती मंदिर पहुंचे जगतगुरु

मुलताई पवित्र नगरी की पहचान यहां स्थित प्राचीन कुंड, मठ मंदिरों से है यही कारण है कि आज जगतगुरु शंकराचार्य यज्ञ स्थल जाने से पहले नगर के सूर्यकुंड, पाप कुंड दान कुंड होते हुए प्राचीन ताप्ती मंदिर पहुंचे जहां उन्होंने मां ताप्ती की पूजा अर्चना एवं दर्शन किए इसके उपरांत यज्ञ स्थल के लिए प्रस्थान किया। उनके साथ बड़ी संख्या में नगर के गंदमान नागरिक एवं श्रद्धालु गण सहित आयोजन समिति ताप्ती उदगम उद्धार समिति सदस्य गोलू उघडे, दिनेश कालभोर, लोकेश यादव, मनीष माथनकर आदि रहे मौजूद।

### लगभग 3,15,000 मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात जब्त

## पुलिस ने चोरी के आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए नकबजनी के 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 3,15,000 मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण जप्त किये है।

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 20 नवबर 2024 को फरियादी विजय कामतकर पिता मधुकर कामतकर उम्र 33 वर्ष निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, भगतसिंह वार्ड सदर बैतूल ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात आरोपी उसके घर से सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना स्थल का निरीक्षण सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट प्रभारी निरीक्षक आबिद अंसारी द्वारा डॉग स्क्वॉड एवं पुलिस फोटोग्राफर की टीम के साथ किया गया तथा वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। प्रकरण में प्राप्त सूचना व सतत



प्रयासों के परिणामस्वरूप अंकित उर्फ भूत डेहरिया, पिता राजू डेहरिया, उम्र 18 वर्ष, निवासी चांदामेटा, आकाश कहार, पिता अरविंद कहार, निवासी परासिया, आर्यमन डेहरिया, पिता शिवकुमार डेहरिया, निवासी न्यूटन परासिया और अजय सोनी, पिता योगेंद्र सोनी, निवासी न्यूटन परासिया, जिला छिंदवाड़ा को गिर$फ्तार कर पूछताछ की गई। जिसमें आरोपियों ने उपरोक्त नकबजनी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। उनकी निशानदेही पर 1 सोने का हार, 1 सोने की चेन, 1 सोने का मंगलसूत्र, 1 जोड़ी सोने के टॉप्स, 1 सोने का मुखड़ा, 02 सोने की अंगूठिया, 1 सोने का लॉकेट, कुल वजन लगभग 31.5 ग्राम कुल अनुमानित मूल्य 3,15,000 जप्ती विधिवत गवाहों के समक्ष की गई। चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, निरीक्षक आबिद अंसारी (सीन ऑफ क्राइम एक्सपर्ट), उनि जगदीश प्रसाद ठाकुर, सउनि जगदीश नावरे, आर. नितिन चौहान, प्र.आर. तरुण पटेल, प्र.आर. शिव कुमार, प्र. आर. महेन्द्र, प्र.आर. अरविंद सिंह और आर. महेश की सराहनीय भूमिका रही।

## कलेक्टर ने नीट में चयनित विद्यार्थियों का किया सम्मान



**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में नीट परीक्षा में चयनित 15 विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने विद्यार्थियों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने विद्यार्थियों को इस सफलता के लिए मेहनत और लगन की आवश्यकता को समझाया और उन्हें मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि आपने अपनी कड़ी मेहनत और संघर्ष से यह सफलता हासिल की है, लेकिन यह सफर अब भी जारी है। आगे भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन आपको आत्मविश्वास के साथ आगे बढऩा है। आपकी सफलता न केवल आपके परिवार बल्कि आपके जिले के लिए भी गर्व का विषय है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि यह सफलता केवल छात्र-छात्राओं की मेहनत का परिणाम नहीं है, बल्कि उनके परिवार और शिक्षकों के समर्थन का भी नतीजा है। उन्होंने सभी को आगे भी इसी तरह की मेहनत जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. अनिल सिंह कुशवाह, योजना अधिकारी सुबोध शर्मा, सहायक संचालक श्री वरकड़े, डीपीसी जितेंद्र कुमार भनारिया सहित अन्य अधिकारी और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

## 'राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरुस्ती एवं डायवर्सन जैसे लंबित प्रकरणों का त्वरित एवं प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। धरती आबा जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत आयोजित शिविरों का सफल क्रियान्वयन कर वंचित हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने समग्र ई-केवाईसी वेरिफिकेशन की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को गति लाने के निर्देश दिए। साथ ही, समस्त आईटीआई संस्थानों में शत-प्रतिशत प्रवेश पूर्ण



कराने के लिए नोडल प्राचार्यों को विशेष रूप से निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, अपर कलेक्टर राजीव नंदन श्रीवास्तव, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

#### सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त विभागवार शिकायतों की समीक्षा करते हुए जनजातीय कार्य, आबकारी, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, सामाजिक न्याय, परिवहन एवं ऊर्जा विभाग को शिकायतों के संतोषजनक निराकरण के लिए विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र में समन्वय कर शिकायतों के निराकरण हेतु सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। कलेक्टर ने जल संरक्षण को लेकर चल रहे जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की और सभी जनपद सीईओ को अभियान की प्रगति लाने के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि असंतोषजनक कार्य प्रगति वाले संबंधित जनपद सीईओ के वेतन आहरण पर रोक रहेगी।

#### स्वरोजगार योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने निर्देशित किया कि सभी जनपदों में एसडीएम की अध्यक्षता में बीएलसीसी (ब्लॉक लेवल कंसल्टेशन कमेटी) की बैठक आयोजित की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि स्वरोजगार मूलक योजनाओं और केसीसी के समस्त प्रकरणों को 30 जून तक बैंकों में प्रस्तुत कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण किया जाए।

## अवैध हथियार के साथ शातिर बदमाश गिरफ्तार



**बैतूल।** अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। थाना कोतवाली पुलिस ने शातिर बदमाश गोलू उर्फ प्रवीण राठौर (उम्र 48 वर्ष, निवासी पाढर) को एक अवैध देशी कट्टे के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दरअसल 15-16 जून 2025 की दरम्यानी रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति लाल रंग की स्कॉर्पियो वाहन में अवैध हथियार लेकर रानीपुर रोड क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना मिलते ही थाना कोतवाली बैतूल द्वारा एक विशेष पुलिस टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया। टीम के पहुंचते ही संदिग्ध वाहन पुलिस को देख भागने का प्रयास करने लगा, जिसे बल व साक्षीगणों की मदद से घेराबंदी कर पकड़ा गया। वाहन की तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक देशी कट्टा (अनुमानित कीमत 10,000) बरामद हुआ, जिसके संबंध में आरोपी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। साथ ही, आरोपी की लाल रंग की महिंद्रा स्कॉर्पियो क्रमांक एमपी 48 सी 4593 अनुमानित कीमत 10 लाख) भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बताया जाता है कि गिरफ्तार आरोपी गोलू उर्फ प्रवीण राठौर के विरुद्ध पूर्व से ही लड़ाई-झगड़ा, मारपीट, जुआ अधिनियम, सट्टा अधिनियम एवं आर्म्स एक्ट के कुल 13 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध हैं। वर्तमान में आरोपी से अवैध हथियार की आपूर्ति एवं स्त्रोत के संबंध में गहन पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही में निरीक्षक रविकांत डेहरिया, उनि राकेश सरयाम, प्रआर दीपक कटियार, प्रआर तरुण पटेल, प्रआर अरविंद आदि की रही विशेष भूमिका।

## धरती आबा अभियान अंतर्गत ग्रामों में होंगे शिविर

**सोहागपुर।** पीएम जनजातीय उत्कर्ष ग्राम अभियान धरती आबा अंतर्गत जिले में हितग्राहियों को लाभ देने शिविर शुरू किये जा रहे हैं। सोहागपुर जपं में भी चयनित ग्रामों में विविध शिविर आयोजित किए जाएंगे। उक्ताशय का पत्र गत दिनों जपं कार्यालय सोहागपुर से जारी किया गया है। सोहागपुर ब्लॉक में कार्यरत सभी विभाग प्रमुखों सहित जपं की ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, एवं ग्राम रोजगार सहायकों को शिविरों के सूचना पत्र की प्रतियां भेजी गई हैं। पत्र क्रमांक 1524 के अनुसार प्रधानमंत्री जनजाति उत्कर्ष ग्राम पंचायत अभियान धरती आबा में सोहागपुर जपं के कुछ ग्राम चयनित किए गए हैं। इन ग्राम पंचायतों में नयागांव, कामती रंगपुर, टेकापार, बिछुआ, चारगांव व मगरिया सम्मिलित हैं। जहां 18 जून से 30 जून 2025 तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के माध्यम से सभी विभागों के हितग्राहियों को पात्रता के अनुसार योजना का लाभ दिया जाएगा। नयागांव के डूंडादेह में 18 जून, कामती रंगपुर में 19 जून, ग्राम पंचायत टेकापार मुख्यालय में 20 जून व आश्रित ग्राम सारंगपुर में 23 जून, बिछुआ ग्रापं के ग्राम सियारखेड़ा में 25 जून, चारगांव पंचायत के भजियाढाना में 26 जून तथा मगरिया पंचायत में शिविर लगेंगे।

### शहरी क्षेत्र में बिजली कंपनी ने लगाना शुरू किया स्मार्ट मीटर

# कमर्शियल मीटर लगाने का काम जारी दूसरे चरण में घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर

बिजली कंपनी मप्र में लाइन लॉस प्रतिशत को कम व नियंत्रित करने के लिए स्मार्ट मीटर लगाना शुरू कर चुकी है। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी सोहागपुर शहर में भी स्मार्ट मीटर लगा रही है। वर्तमान में शहर में कमर्शियल मीटर लगाए जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर






उल्लेखनीय है कि मई 2025 में शहर में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। चर्चा में हरिभूमि को सोहागपुर टाउन जेई एलआर खैरवार ने बताया कि सोहागपुर शहर में कुछ सप्ताहों से स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में दुकान व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। इसके बाद दूसरे चरण में घरेलू कनेक्शंस को स्मार्ट मीटर से बदला जाएगा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर निशुल्क रूप से लगाए जा रहे हैं व इसके लिए कोई राशि नहीं ली जा रही है। खैरवार के अनुसार स्मार्ट मीटर में सिम लगी होगी, जिससे उपभोक्ता किसी भी समय मोबाइल पर मीटर रीडिंग देख सकेंगे। अधिक जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि सामान्य मीटर व्यवस्था में मीटर रीडर के देर से रीडिंग लेने पहुंचने पर टैरिफ को देखते हुए उपभोक्ता आपत्ति उठाते थे। लेकिन स्मार्ट मीटर सिस्टम में उपभोक्ता स्वयं मीटर की रीडिंग देखकर बिल आंकलन कर सकेंगे।

**लगेंगे 7000 मीटर**

मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सोहागपुर कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शहरी क्षेत्र में कुल 7000 विद्युत उपभोक्ता हैं। एवं सभी सामान्य मीटर कार्यक्रम अंतर्गत स्मार्ट मीटर में बदले जाएंगे। कंपनी अधिकारियों के अनुसार दो चरण में यह कार्यक्रम होगा। पहले चरण में कमर्शियल कनेक्शन स्मार्ट मीटर में बदले जाएंगे। फिर द्वितीय चरण में घरेलू कनेक्शन स्मार्ट मीटर में बदले जाएंगे। फिलहाल कमर्शियल मीटर का बदलाव कार्य जारी है।

**पहले चरण में 1300 मीटर**

इधर चर्चा में लालेराम खैरवार ने बताया कि सोहागपुर शहर में 1300 कनेक्शन कमर्शियल स्टेटस के हैं। तथा पहले चरण में इन सभी 1300 मीटर का बदलाव किया जाना है। जिसकी प्रक्रिया मई 2025 में प्रारंभ की जा चुकी है। शीघ्र ही शहर में सामान्य श्रेणी के कमर्शियल मीटर्स स्मार्ट मीटर में बदल दिए जाएंगे। इसके बाद घरेलू मीटर लगाने का क्रम प्रारंभ होगा।

## कार्यपालक निदेशक ने किया ब्लॉक में औचक निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर ब्लॉक में मप्र जन अभियान परिषद की मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम की परीक्षाएं एक सप्ताह से जारी हैं। सोमवार को परिषद् के कार्यापालक निदेशक डॉ. बकुल लाड ने सोहागपुर ब्लॉक की कक्षाओं व परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। जिसमें उनके साथ टास्क मैनेजर दरियाब सिंह, परिषद के संभाग समन्वयक कौशलेश तिवारी, जिला समन्वयक पवन सहगल भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों व अधिकारियों का विकासखंड समन्वयक किशोर कड़ोले ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने सभी नवांकुर समितियों, मेंटर्स व नगर समिति सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। निदेशक ने ब्लॉक के प्रतिवेदन की जांच की। इसके बाद निदेशक के हाथों नेपाल में कराटे प्रतियोगिता में मे गोल्ड मेडल जीतने वाली महक सराठे का सम्मान कराया गया। वहीं अधिकारियों सहित स्थानीय प्रतिनिधियों व समिति सदस्यों ने लोनिवि विश्राम गृह परिसर में पौधरोपण किया। वहीं निदेशक ने जपं उपाध्यक्ष राघवेन्द्र रघुवंशी से जैविक खेती व जैविक प्रस्फुटन पर चर्चा की। इस दौरान नवरंग युवा मंडल, मित्र संघ सोहागपुर निर्मल विकास सेवा समिति, नवांकुर के प्रतिनिधि समिति अध्यक्ष कमल किरार, संदेश मिश्र, ऋषभ गढ़वाल, गजेंद्र ठाकुर, अखिलेश कुशवाहा, सतीश कुमार वर्मा, बिशनजीत अहिरवार, मनीष किरार, सचिन विश्वकर्मा, निशा चौरसिया, मंजू पवार, दीपक पुरोहित, सिद्धेश परसाई आदि उपस्थित थे।

## कृषि विभाग की आत्मा योजना से प्रेरित खिड़यां के कृषक नर्मदा प्रसाद मीना ने किया नवाचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




कृषि विभाग द्वारा संचालित आत्मा योजनान्तर्गत कृषकों को उन्नत तकनीकों एवं गुणवत्तापूर्ण बीजों की सहायता से खेती में नवाचार हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी दिशा में माखन नगर तहसील के ग्राम खिड़िया निवासी कृषक श्री नर्मदा प्रसाद मीना ने आत्मा योजना के तहत उन्नत किस्म आर वी केजी - 111 के चने का क्रय कर उसके प्रयोग से कृषि में सफलता की नई मिसाल कायम की है।

श्री मीना ने बताया कि उन्होंने आत्मा योजना के तहत प्राप्त मार्गदर्शन से अपने एक एकड़ कृषि भूमि में मात्र 30 किलो चने की बोवनी की, जिस पर कुल 10 हज़ार रुपए की लागत आई। आधुनिक तकनीक एवं समुचित देखरेख के चलते उन्हें 12 क्विंटल चने का उत्पादन प्राप्त हुआ। यह चना बाजार में 7500 से 8500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिक्री हुई, जिससे उन्हें कुल 85 से 90 हज़ार रुपए की आमदनी हुई। लागत निकालने के बाद श्री मीना को 75 से 80 हज़ार रुपए तक का शुद्ध मुनाफा हुआ। यह लाभ पारंपरिक किस्मों की अपेक्षा 20 से 25 हज़ार रुपए अधिक है। उन्होंने बताया कि यह सफलता आत्मा योजना की मार्गदर्शिका और उन्नत बीजों के कारण संभव हो पाई। श्री मीना की इस उपलब्धि से अन्य कृषक भी इस प्रकार के नवाचारों से प्रेरणा लेकर उन्नत खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं।

## ई सुविधा केंद्र से न्यायालय संबंधित सभी जानकारियां प्राप्त होंगी

**सिवनीमालवाः** न्यायालय में आने वाले सभी लोगो को ई सेवा केंद्र से सभी प्रकार की न्यायालय संबंधित सुविधाये प्राप्त होगी। उक्त बात जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने न्यायालय परिसर में ई सेवा केंद्र के शुभारम्भ अवसर पर कही। श्रीमती खान ने कहा कि ई सुविधा केंद्र से यहां आने वाले पक्षकारो, अधिवक्ताओं को ई फायलिंग, ई प्रमाणित प्रतिया, प्रकरण की वर्तमान स्थिति, वीडियो कॉन्फेंसिग, कारगार में बंदियो से ई मुलाक़ात, ई स्टाम्प, ई कोर्ट फीस, आन लाइन इ स्टाम्प की करने की जानकारी, वर्चुअल चालान की जानकारी, म.प्र. उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय की जानकारी आदि की सुविधाये प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि यह सुविधा उच्च न्यायालय के आदेश पर प्रदेश के सभी न्यायालयो में प्रारम्भ की गयी है।

## शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा में एनसीसी कैडेट के द्वारा किया गया वृहद पौधरोपण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा




शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी मालवा 13 एमपी बटालियन एनसीसी नर्मदा पुरम के निर्देशानुसार एक पेड़ एक जिंदगी की थीम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें एनसीसी कैडेट के द्वारा एनसीसी उद्यान में फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण किया गया

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राजेश कुमार रघुवंशी ने बताया कि एनसीसी के विद्यार्थियों के द्वारा विगत वर्षों में किए गए वृक्षारोपण से महाविद्यालय परिसर हरा भरा हो गया है आज केडेटों के लगाए गए वृक्ष बड़े हो गए हैं संभावित है अगले एक-दो वर्षों में उन में फल भी आ जाएंगे यह महाविद्यालय विद्यार्थियों की उपलब्धि रहेगी जिसमें आने वाले छात्राएं इससे प्रेरणा लेकर अपने आसपास अपने खेतों में अपने घरों में अधिक से अधिक वृक्षारोपण करेंगे और वातावरण को शुद्ध और हरा भरा करने में सहयोग प्रदान करेंगे

इस अवसर पर महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन सुनील सोनी के द्वारा एनसीसी क्रेडिट के माध्यम से प्रति सप्ताह 100 वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें क्रेडिट के द्वारा अपने घरों खेतों और सार्वजनिक स्थान पर फलदार एवं छायादार वृक्षों का रोपण करके वातावरण को शुद्ध बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे

कैप्टन सोनी के द्वारा 13 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल एएस चटवाल का आभार व्यक्त किया जिनके निर्देश और सहयोग से एनसीसी में विभिन्न प्रकार की एक्टिविटी की जा रही है इसके साथ ही योग 21 मइ से 21 जून तक योग एक्टिविटी कार्यक्रम भी महाविद्यालय में मनाया जा रहा है जिसमें एनसीसी कैडेट प्रतिदिन महाविद्यालय में उपस्थित होकर योग सीख रहे हैं और अपने साथियों को योग से होने वाले लाभों को आम जनता तक पहुंचा रहे हैं क्रेडिट होने संकल्प लिया है सीखो और सिखाओ पद्धति के आधार पर हम योग सीख कर अपने गांव में समाज में गांव के स्कूलों में योग का प्रचार प्रसार करेंगे और छोटे-छोटे बच्चों को योग से स्वस्थ और तंदुरुस्त रहने के लिए प्रेरित करेंगे

इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारी एवं स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का आभार सीनियर अंडर ऑफिसर प्रदीप मेहरा ने किया।

## स्वास्थ्य मंत्री व शिक्षा मंत्री का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पचमढ़ी में चलने वाले तीन दिवसीय विधायक सांसद को भाषा का ज्ञान करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों के द्वारा प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजन किया गया था जिसमें मध्य प्रदेश सरकार के सभी विधायक मंत्री सांसद सहित सभी लोग शामिल हुए थे कार्यक्रम में जाने के दौरान अनेक मंत्री पिपरिया में रुके थे सभी का स्वागत सम्मान किया गया था लेकिन लौटते वक्त भी स्वास्थ्य एवं शिक्षा राज्य मंत्री विधानसभा विधायक उदयपुर के विधायक नरेंद्र शिवाजी पटेल एवं अन्य जनप्रतिनिधि टूरिस्ट होटल पर रुके वहां पर पूर्व विधायक हरिशंकर जायसवाल जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल के द्वारा मंत्री का स्वागत सम्मान किया गया तथा उनका तुलादान भी किया गया वहीं पर जनपद उपाध्यक्ष के द्वारा सरकार के द्वारा मूंग उपार्जन की घोषणा के बाद आभार व्यक्तित्व किया गया।

## बी.एस.डब्ल्यू. व एम.एस.डब्ल्यू. की परीक्षाओं का कार्यपालक निदेशक ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखननगर में चल रही बी.एस.डब्ल्यू. एवं एम.एस.डब्ल्यू. की परीक्षाओ का मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डॉ. बकुल लाड द्वारा औचक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम कार्यपालक निदेशक द्वारा एक पौधा मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में सिंदूर का पौधा रोपित किया गया। तत्पश्चात कक्षाओं में चल रही परीक्षाओं का निरीक्षण किया एवं सीएमसीएलडीपी कक्षाओं के संचालन संबंधी विषयों पर प्राचार्य एवं परीक्षा केंद्र प्रभारी से चर्चा की गई। इस अवसर पर दरियाव सिंह (टास्क मैनेजर), कौशलेश तिवारी (संभाग समवंयक), पवन सहगल (जिला समवंयक), नरेंद्र देशमुख (विकासखण्ड समवंयक), प्राचार्य डॉ नीता चौबे, डॉ आई.एस.कनेस, डी.एस. खत्री, सरपंच संघ अध्यक्ष कृष्ण कुमार झा, नवांकुर संस्था से जितेंद्र मीना, नीतिराज सिंह यादव, नीरज चतुर्वेदी, परामर्शदाता सुरेश यादव, हरीश नामदेव, मुल्लू पाल, पूनम मीना, दिनेश शर्मा, छात्र ऋषभ दुबे, शुभम गोस्वामी, विपिन अहिरवार, कपिल बाथरी उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में शामिल नहीं हुए मंत्री, कार्यक्रम में लोग करते रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



मध्य प्रदेश शासन के जल संसाधन एवं अल्पसंख्यक विभाग के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सलावत जो की पचमढ़ी में प्रशिक्षण में शामिल होने आए थे उनके निर्देश के अनुसार ग्राम पंचायत समनापुर के डोकरी खेड़ा डैम के पास नहर विभाग के द्वारा गंगा जल संवर्धन अभियान जो कि मध्य प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के द्वारा संचालित किया जा रहा है।

जिसके अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। प्रभारी एसडीओ शैलेंद्र मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातिर कर नहर विभाग के सभी उप यंत्री सभी रघुवीर सिंह,अमीन पटवारी ग्राम के पटवारी एवं ग्राम पंचायत समनापुर के सरपंच सचिव सी एल पटेल वाला पटेल पनारीग्राम पंचायत डापका के सरपंच सचिव शिव प्रसाद धुर्वे एवं ग्राम पंचायत के तमाम ग्रामवासी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे सुबह से ही निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री की आगवानी के लिए तपती दोपहरी में बैठे हुए थे।

शाम 5:00 बजे मंत्री के द्वारा बताया गया एसडीओ को युवा मटकुली के समीप आ चुके हैं और डोकरी खेड़ा आने के बाद मंत्री के द्वारा एसडीओ से कहा गया कि वह सीधे निकल गए हैं वह कार्यक्रम में शामिल नहीं होंगे इस तरह से मंत्री के द्वारा इतनी आवश्यक जो सरकार के द्वारा ही जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है उसमें भी उन्होंने समय नहीं दिया और वह सीधे निकल गए उसके पश्चात प्रभारी एसडीओ अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा जल संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## नप की लापरवाही, नागरिक कचरा जलाने को मजबूर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नागरिकों की मानें तो सोहागपुर नगर परिषद भगवान भरोसे चल रही है। जहां स्वच्छता अभियान के कार्य नहीं होते हैं। कई वार्डों में कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंच रहे हैं, ना ही सफाई हो रही है। जिसके कारण नागरिकों को कचरे के ढेर एकत्रित कर इनमें आग लगानी पड़ रही है। नागरिकों ने नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों से वहर व वार्ड क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था पर ध्यान देने की अपेक्षा की है।

### शिक्षा व समाज सेवा समिति का आयोजन

# प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति विकासखंड माखननगर जिला नर्मदापुरम द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति माखननगर ने प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया एवं जल गंगा संवर्धन पर संगोष्ठी कर गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति अध्यक्ष नीतिराज सिंह यादव ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस अवसर विकास खंड समन्वयक नरेंद्र देशमुख, नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, परामर्शदाता सुरेश यादव, हरीश नामदेव, दिनेश शर्मा मुल्लू पाल, पूनम मीना, छात्रों में पूनमचंद अहिरवार,ऋषभ दुबे, गणेश अहिरवार, भूपेंद्र मीना, संजू अहिरवार, वीरेंद्र यादव, सतीश यादव, प्रदीप यादव, गेंदालाल यादव, कार्तिक हरीश नामदेव, शुभम सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## ग्वालियर प्रांतीय अधिवेशन के लिए घोषित किए सत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




21 तथा 22 जून 2025 को ग्वालियर में अखिल भारतीय साहित्य परिषद का प्रांतीय अधिवेशन होगा। जिसकी ऑनलाइन बैठक रविवार रात हुई। इस बैठक में नर्मदापुरम जिले के साहित्यकार भी सम्मिलित हुए। अखिल भारतीय साहित्य परिषद प्रांत अध्यक्ष डॉ. कुमार संजीव, प्रांत महामंत्री आशुतोष शर्मा एवं अधिवेशन संयोजक डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि अधिवेशन के दोनों दिनों में राष्ट्रवाद आधारित विषयों पर सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मध्य प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर के साहित्यकार तथा वक्ता उपस्थित साहित्यकारों को मार्गदर्शन देंगे। अधिवेशन की संयोजक डॉ. नुसरत मेहंदी ने बताया कि सत्रों के अतिथियों व वक्ताओं का विवरण शीघ्र घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मध्य भारत प्रांत के जिलों के उत्कृष्ट साहित्यकारों का सम्मान अधिवेशन में होगा। मध्य भारत प्रांत के दिवंगत साहित्यकारों के चित्रों व साहित्यिक उपलब्धियों की प्रदर्शनी भी ग्वालियर प्रांतीय अधिवेशन स्थल में लगाई जाएगी।

**जाहिर सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण पराग सोनी उम्र करीब 40 वर्ष आत्मज श्री लक्ष्मणराव सोनी निवासी 67 सुरभी बिहार बी.डी.ए. मार्ग अवधपुरी हुजूर, तहसील हुजूर जिला भोपाल एवं सरीन काक उम्र करीब 40 वर्ष आत्मज श्री गणेशराव कातुलकर, निवासी बी 70 सिंगापुर वित्तास जे. के. अस्तपताल के पास बंजारी कोलार हुजूर, तहसील हुजूर जिला भोपाल वालों ने ग्राम टेकापार स्थित भूमि खसरा नंम्बर 201 रकबा 0.1660 हेक्टेयर एवं खसरा नंम्बर 204 रकबा 1.1370 हेक्टेयर भूमि जुमला रकबा 2.003 हेक्टेयर भूमि को भूमिस्वामी भोपतसिंह आत्मज कोमल, जीवन आत्मज कोमल, लड्डू उर्फ कमल सिंह पटेल आत्मत कोमल, आशीष पटेल वल्द मालकजी, दीपक पटेल वल्द मालकजी, शीला पटेल पुत्री मालक जी, सुशीलाबाई गूजर पुत्री मालक जी, गौरीबाई पुत्री मालक जी, सुमनबाई पुत्री मालक जी, सरोज पुत्री मालक जी पत्नि रामस्वरूप पटेल सभी निवासी ग्राम सारंगपुर, तहसील सोहागपुर, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) वालों से उनके हक व अधिकार की भूमि को हमेशा-हमेशा के लिये क्रय करने हेतु एक अनुबंध पत्र निष्पादित किया है, यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय विभाग, आदि को उक्त वर्णित भूमि के संबंध में कोई रहन, गिरवी, विक्रय, बक्शीस या अन्य कोई दावा आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन के उपरान्त 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में आपत्ति संबंधी दस्तावेज लेकर उपस्थित होवें, अन्यथा उसके उपरान्त आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी और मेरे पक्षकारगण अनुबंधशुदा भूमि की रजिस्ट्री करा लेंगें। सो सूचना जानिए

भवदिय **नितिन नेमा एडव्होकेट**
कार्यालय :- इंदिरा गाँधी वार्ड पिपरिया
तहसील-पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम (म.प्र)
मो.नं. 7898482865

## खबर संक्षेप



### भाकिसं की मासिक बैठक में धन संग्रह पर चर्चा

**रहटगांव।** भारतीय किसान संघ तहसील रहटगांव की मासिक बैठक कृषि उपज मंडी रहटगांव में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बेनी प्रसाद गुर्जर द्वारा की गई। बैठक में संगठन के सभी विषयों पर चर्चा की गई। विशेष कर धन संग्रह पर चर्चा हुई और रहटगांव में नगद खाद वितरण केंद्र डीएमओ गोदाम बनाने के लिए शासकीय भूमि आवंटन करने पर चर्चा की गई। रहटगांव में डीएमओ के लिए जगह आवंटन हो जाती है। तो वह जल्द से जल्द खाद्य गोदाम बना सकें। इस दौरान बैठक में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया है कि इस बात को लेकर जल्दी से जल्दी कलेक्टर साहब से चर्चा की जाएगी। इसी दौरान बैठक के बाद सभी किसान तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार से मुलाकात की और किसानों के जो आवेदन सीमांकन के लिए आवेदन दिए गए हैं। उन्हें जल्द से जल्द सीमांकन कराए। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ता तहसील मंत्री सियाराम गौर संभागसदस्य हरिओम गौर संभाग युवा वाहिनी विष्णु गौर आशीष पाटिल अजय सिंह तोमर गोविंद रघुवीर प्रसाद रामेश्वर गुर्जर बेनी प्रसाद तहसील मीडिया प्रभारी नंदलाल पटेल उपस्थित रहे।

### 30 तक गांव-गांव में लगेंगे शिविर

**हरदा।** जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास और शासकीय योजनाओं के समावेशी लाभ वितरण को दृष्टिगत रखते हुए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत हरदा जिले में 15 से 30 जून तक विकास शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लक्षित हितग्राहियों को प्रदान करना है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के कुल 103 ग्रामों का चयन किया गया है, जिसमें हरदा विकासखंड के 18 ग्राम, टिमरनी विकासखंड के 44 ग्राम तथा खिरकिया विकासखण्ड के 41 ग्राम शामिल हैं।

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी दे रहे घर पहुंच सेवा का लाभ

**हरदा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग अंतर्गत संचालित जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के विशेषज्ञों के माध्यम से जिले के ऐसे दिव्यांगजन जो की चलने फिरने में असमर्थ हैं और थेरेपी के लिए विभाग तक आने में असुविधा होती है, ऐसे दिव्यांगजनों को उपचार के लिये घर पहुंच सेवा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। उपसंचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जो चलने फिरने में असमर्थ हैं एवं दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र आने में उन्हें परेशानी होती है, ऐसे दिव्यांगजनों का चिन्हांकन किया जा रहा है। इन चिन्हित दिव्यांगजनों को दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की टीम घर पहुंच सेवा का लाभ दे रही है। इसी क्रम में पिछले दिनों डी.डी.आर.सी. की टीम के सदस्य फिजियो थैरेपिस्ट डॉ कौशिकी ने नेहरू स्टेडियम निवासी दिव्यांग केशव के घर जाकर उनके माता पिता को मैन्युअल थैरेपी की जानकारी दी। इसके अलावा कंचना मकोड़े द्वारा सायकोलॉजिकल काउंसलिंग की सेवा दी गई तथा डी.डी.आर.सी. के प्रेम नारायण जाट द्वारा स्पीच थेरपी की सेवा दी गई।

### ग्रीष्मकालीन हॉकी शिविर का हुआ समापन

**सीहोर।** 5 अप्रैल से 14 जून को होमगार्ड ग्राउंड सीहोर में चल रहा हॉकी प्रशिक्षण शिविर में सीहोर, भोपाल, विदिशा के युवक-युवतियों ने भाग लेकर हॉकी का प्रशिक्षण प्राप्त किया। जिसमें जिला हॉकी संघ के कोच रसूल अहमद सिद्दिकी एवं मास्टर गेम ऐसोसिएशन की सचिव अफशा सिद्दिकी ने बड़ी मेहनत व उत्साह से बच्चों को हॉकी का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर समय-समय पर भोपाल से नेशनल खिलाड़ी यूसुफ सर, पुलिस ऐवार्डी इम्तियाज उद्दीन सर, नेशनल रेफरी फिरोज खान सर, सतीष रायकवार विदिशा हॉकी कोच के द्वारा समय-समय पर आकर हॉकी की बारिकियों की जनाकारियां दी।

### चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# कोर्ट जाते समय आरोपी बोलता रहा अपराध करना पाप है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर में 14 जून की रात साढ़े 11 बजे एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी सन्नी राजपूत को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को सोमवार को शहर में जुलूस की शक्ल में कोर्ट ले जाया गया। इस दौरान आरोपी बोलता रहा कि अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है। सिटी कोतवाली टीआई प्रहलाद सिंह मर्सकोले ने बताया कि बीती रात पीड़ित विशाल कैथवास अपने भाई की दुकान से स्कूटी से घर लौट रहा था। इसी दौरान छीपानेर रोड पर सन्नी राजपूत अपने चार साथियों के साथ मिला। उन्होंने शराब पीने के लिए पैसे मांगे। मना करने पर सन्नी ने विशाल के पेट और पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। घायल विशाल की हालत बिगड़ती देख इसके बाद भोपाल रेफर किया गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज पीड़ित के परिजनों ने पुलिस को सौंपा। आरोपी से वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पहले घायल को हरदा के निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, बाद में हालत गंभीर होने पर भोपाल रेफर किया गया।

#### लोगों में दिखा रोष

पुलिस ने आरोपी सन्नी राजपूत को छीपानेर रोड स्वागत गेट से हनुमान चौराहा तक पैदल चलाया। रास्ते में बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, सन्नी पहले भी कई बार मारपीट की घटनाओं में शामिल रह चुका है। टीआई मर्सकोले ने कहा कि ॥समाज में बदमाशों का खौफ खत्म करना जरूरी है। आरोपी का जुलूस इसी वजह से निकाला गया॥ उन्होंने लोगों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

#### इनका कहना है

आरोपियों द्वारा अड़ीबाजी करके विशाल नामक युवक पर चाकू से हमला किया गया। युवक का उपचार चल रहा है। आरोपी और उसके साथियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

**प्रहलाद सिंह मर्सकोले,** टी आई



# कर्मचारियों के भुगतान, क्रमोन्नति पदोन्नति समय पर होः कलेक्टर

### जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि इस तरह की बैठक हर त्रैमास में नियमित रूप से आयोजित की जाए, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय परामर्शदात्री समिति तथा खण्ड स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक अगले पन्द्रह दिवस में आयोजित कर अपने-अपने विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की लंबित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी कर्मचारियों की अधिकांश समस्याएं इन खण्ड स्तरीय तथा विभाग की जिला स्तरीय बैठक में ही हल हो सकती है। इन बैठकों का कार्यवाही विवरण कलेक्टर कार्यालय भिजवाएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित सभी मान्यता प्राप्त अधिकारी कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे। कलेक्टर श्री जैन ने बैठक में सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि कर्मचारियों के समयमान वेतन, क्रमोन्नति, पदोन्नति तथा टीए, डीए का समय पर भुगतान किया जाए।

#### अपना दायित्व समझें

कलेक्टर जैन ने बैठक में कहा कि सेवा निवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को अनावश्यक कार्यालयों के चक्कर न लगाना पड़ें। कर्मचारियों को सेवा निवृत्ति के दिन ही पेंशन भुगतान आदेश दिये जायें। इसके लिये सभी अधिकारी कर्मचारी संयुक्त प्रयास करें और अपना दायित्व समझें। उन्होने कहा कि सभी जिला अधिकारी सुनिश्चित करें कि अधीनस्थ कर्मचारियों की डुप्लिकेट सेवा पुस्तिका, मूल सेवा पुस्तिका तथा जीपीएफ पासबुक हर माह अपडेट की जाए और उसे संबंधित कर्मचारी को अवलोकन भी कराया जाए। उन्होने निर्देश दिये कि अधिकारी कर्मचारियों के लंबित एरियर्स एवं अन्य भुगतान के प्रकरणों का निराकरण किया जाये।

#### लंबित न रहे प्रकरण

कलेक्टर जैन ने बैठक में कहा कि सभी अधिकारी विभागीय जांच के लंबित प्रकरणों का निराकरण करें, कोई भी जांच लंबित न रहे। संयुक्त कलेक्टर श्री राय ने बैठक में निर्देश दिये कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों के सेवा अभिलेख सेवा निवृत्ति से पहले ही अपडेट कर दिये जाये ताकि उनकी पेंशन के समय भुगतान में बाधा न आये। उन्होने कहा कि सभी विभाग यह जानकारी अगले 15 दिन में भेजें कि सेवा निवृत्त कर्मचारी का पीपीएफ कितनी तारीख को जारी हुआ, यदि देरी हुई है तो इसका कारण स्पष्ट करें।

# चरणबद्ध रूफ वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य करें

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश



**खंडवा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने पीआईयू विभाग के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शेष कार्य शीघ्रता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। ओंकारेश्वर क्षेत्र में प्लास्टिक बैन की स्थिति की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सीएमओ को सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्त कार्रवाई करने और डीजल इंजन नावों का संचालन पूरी तरह बंद कराने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य विभाग से रात्रि 9 बजे के बाद महिला वार्डों में पुरुष अटेण्डर्स की उपस्थिति न रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मत्स्य विभाग को केज कल्टीवेशन के लिए जल निकायों का चयन करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने जल संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि जिले की सभी पक्की छतों पर रूफ वाटर हार्वेस्टिंग किया जाए। शासकीय भवनों में यह कार्य जुलाई 2025 तक पूर्ण किया जाए। शासकीय आवास, व्यापारिक प्रतिष्ठान और दो मंजिला आवासीय भवनों में भी चरणबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। एनआरसी और एनबीएसयू में भर्ती बच्चों की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए बच्चों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। पीओपी की मूर्ति निर्माण की समीक्षा करते हुए एसडीएम निरीक्षण करने को कहा गया। मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण की प्रगति की जानकारी ली। जल गंगा संवर्धन अभियान और जल जीवन मिशन के तहत बनाए जा रहे रिचार्ज स्ट्रक्चरों के कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अनुपयोगी नलकूपों को रिचार्ज शाफ्ट में परिवर्तित करने की जानकारी भी ली गई।

**ई-ऑफिस प्रणाली को शीघ्र लागू करने पर हुई बातः** मत्स्य पालन के लिए तालाब चयन, समूह निर्माण और मछली बीज की उपलब्धता की समीक्षा की। नंदन फलोद्यान की प्रगति, जल कर वसूली और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत आयोजित शिविरों की भी समीक्षा की गई। सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कार्य की निगरानी करने के निर्देश दिए गए।

### सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया

# बुर्के की आड़ में ज्वेलर्स की दुकान से सोने के झाले चुराए


हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

सर्राफा बाजार में शनिवार को एक शातिर महिला ने बुर्के की आड़ में सुभाष ज्वेलर्स की दुकान से सोने के कान के झाले चुरा लिए। चोरी के बाद महिला ने बुर्का उतारकर दुकान के सामने से ही निकल गई, जिससे दुकानदार पहचान नहीं पाए। घटना का वीडियो सोमवार को सामने आया है। जानकारी के अनुसार, 14 जून की दोपहर करीब 3 बजे बुर्का पहनी एक महिला सर्राफा स्थित सुभाष ज्वेलर्स की दुकान पर पहुंची। महिला लगभग 7 दुकानों में गई और गहने देखती रही। सुभाष ज्वेलर्स की दुकान पर दुकानदार दिपनील सोनी से सोने के झाले दिखाने को कहा। गहने देखते समय महिला ने बातों-बातों में एक जोड़ी झाले अपने पास रख लिए और दुकान से निकल गई। जब दुकानदार ने गहनों की गिनती की तो गड़बड़ी का पता चला। आसपास तलाश की गई लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

#### चोरी गए झाले की कीमत लगभग 30 हजार रुपए

बाद में सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर सामने आया कि महिला गली में जाकर बुर्का उतार चुकी थी और चोरी किए गहनों को कुर्ते के अंदर छिपाकर बाहर निकल गई थी। इस कारण वह सामने से गुजरने के बावजूद पहचान में नहीं आ सकी। चोरी गए झाले की कीमत लगभग 30 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि





महिला एक ऑटो चालक के साथ घूमती दिखी है। पुलिस उस ऑटो चालक की तलाश कर रही है। कोतवाली पुलिस ने सुभाष ज्वेलर्स के दिपनील सोनी की शिकायत पर अज्ञात महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। टीआई अशोक सिंह चौहान ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में दुकान के अंदर और बाहर दिख रही महिला एक ही नजर आ रही है। जांच के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

### 45 छात्र-छात्राएं नहीं पहुंचे

# स्कूल का पहला दिनः वेदा नदी की बाढ़ में नहाए दो दर्जन नौनिहाल



**झिरन्या।** नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के प्रथम दिवस पर छात्र-छात्राएं स्कूलों की बजाय नदी की बाढ़ में नहाने का आनंद ले रहे थे। जबकि अन्य अप्रवेशी एवं अशिक्षित बालक-बालिकाओं की टोली भी इस मौके का भरपूर लाभ ले रही थी। इनमें बड़-फाल्या और भीलू फाल्या के करीब दो दर्जन नौनिहाल शामिल थे। यह नजारा बता रहा था कि वहां नहा रहे सभी नौनिहालों को जैसे स्कूल जाने से कोई सरोकार नहीं था। उनके चेहरों पर स्कूल नहीं जाने पर भी कोई तनाव नहीं था और उनके लिए बाढ़ का मटमैला पानी स्वीमिंग पुल से कम नहीं था। इनमें विशाल, आकाश, महेश, पवन, इनेश, रितेश, मनीष, राकेश, अरुण, अन्कीलाल, रविन्द्र, सावन, अनीश, शिवम, बसंत, मदन, रोहित, रुपाली, रेलकी आदि हैं।

#### हम नहाने आ गए, स्कूल नहीं गए



इनमें से कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि हमको मालूम है कि स्कूल खुल गई है, लेकिन नदी में बाढ़ आ गई तो नहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी एक साथ पैदल स्कूल जाते है और हमें रास्ते पर एक्सीडेंट का डर लगता है। उनके पालकों में शोभाराम, संजय, राजाराम आदि ने बताया कि मेडम ने फोन करके स्कूल खुलने की जानकारी दे दी थी, लेकिन बच्चे नहाने चले गये। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार ने यहाँ की ईजीएस स्कूल 5,6 साल से बंद कर दी है और छोटे-छोटे बच्चों को बांयखेड़ा स्कूल भेजने में डर लगता है।

#### आधे से भी कम बच्चे पहुंचे स्कूल

बांयखेड़ा की शासकीय प्राथमिक स्कूल में पहले दिन आधे से भी कम छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचे। इसमें कुल दर्ज संख्या 117 है, जिसमें 62 छात्र और 55 छात्राएं हैं। इनमें से प्रथम दिवस 51 छात्र-छात्राएं ही स्कूल पहुंचे थे। जिनमें से कई वेदा नदी की बाढ़ में नहाते हुए मिले थे। बांयखेड़ा स्कूल में प्रधानाध्यापक किरण नार्वे ने बताया कि इस स्कूल में बड़-फाल्या के समूहों में 45 छात्र-छात्राएं एक साथ पैदल आते हैं, लेकिन पहले दिन कोई भी नहीं आया। उन्होंने बताया कि हमने पालकों को फोन से सूचना दे दी थी और बच्चों को भी इसकी जानकारी है। इस दौरान शिक्षकों में सुनीता मासरे और ललिता सिंगारे द्वारा अध्यापन कराया जा रहा था। यहाँ पदस्थ एक शिक्षक नहीं था और उन्होंने कहा कि उन्हें इस सम्बन्ध में कोई जानकारी नहीं है।

# निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन से सुमन बाई को मिली रोशनी, अब देखने लगी

### आंखों से कम दिखने की समस्या हो रही थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



विकासखंड पंधाना के ग्राम भगवानपुरा निवासी सुमन बाई, पति बलीराम, उम्र 65 वर्ष को आंखों से कम दिखने की समस्या हो रही थी। जब उन्हें जानकारी मिली कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव में निःशुल्क मोतियाबिंद शिविर लगाए जा रहे हैं, तो उन्होंने 27 मई को परिजनों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोट में आयोजित जांच शिविर में अपनी जांच करवाई। जांच के बाद मोतियाबिंद की पुष्टि होने पर सुमन बाई को ऑपरेशन के लिए चोईथराम नैत्रालय इंदौर भेजा गया। वहां 28 मई को उनका निःशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। सुमन बाई ने बताया कि आने-जाने के लिए वाहन की व्यवस्था निःशुल्क थी। साथ ही भोजन और ठहरने की अच्छी व्यवस्था भी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। उन्हें किसी प्रकार का खर्च नहीं करना पड़ा। अस्पताल में अच्छी देखरेख की गई और स्टाफ ने भी अच्छा व्यवहार किया। 13 जून को सिंगोट अस्पताल में सुमन बाई की आंख का फॉलोअप किया गया, जिसमें सब कुछ सामान्य पाया गया। अब उन्हें देखने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल में भी मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इंदौर के संबंधित अस्पतालों में भी मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए भेजा जा रहा है।

### स्थिति की घोषणा करनी होगी

# प्रशासन ने व्यापारियों के लिए गेहूं के स्टॉक की सीमा लागू

**हरदा।** केंद्र सरकार ने अधिसूचना जारी कर 31 मार्च 26 तक की अवधि के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा निर्धारित की है। जिला आपूर्ति अधिकारी बासुदेव भदोरिया ने बताया कि जारी अधिसूचना अनुसार व्यापारी अथवा थोक विक्रेता 3 हजार मीट्रिक टन तक गेहूं का भण्डारण कर सकते हैं। इसी प्रकार प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 10 मीट्रिक टन तथा बिग चेन रिटेलर के प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिये भी 10 मीट्रिक टन गेहूं के भंडारण की सीमा तय की गई है। गेहूं का यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। इसी प्रकार प्रोसेसर मासिक स्थापित क्षमता के 70 प्रतिशत मात्रा को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर स्टॉक रख सकेंगे। सभी संबंधित इकाईयों को अपने स्टॉक की स्थिति की घोषणा सार्वजनिक वितरण विभाग के विभागीय पोर्टल पर करना होगा तथा भण्डारण निर्धारित स्टॉक सीमा से अधिक होने पर निर्धारित सीमा तक लाना होगा। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री भदोरिया ने जिले में गेहूं स्टाक रखने वाले व्यापारियों, थोक विक्रेताओं, रिटेलर, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेताओं एवं प्रोसेसर को गेहूं के स्टॉक सीमा को निर्धारित समय सीमा में पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिये है।

### जिले की 93997 महिलाओं के बैंक खातों में 11.45 करोड़ रुपए अंतरित

# सीएम ने लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को जबलपुर जिले के ग्राम बेलखेड़ा से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना की राशि हितग्राहियों के खाते में जून माह की राशि अंतरित की। हरदा में जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी कक्ष में आयोजित किया गया। विभागीय अधिकारी व योजनाओं के हितग्राही उपस्थित थे।राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा गया। इसके अलावा तहसील व पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले की 93997 महिलाओं के बैंक खातों में 11.45 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान जनपद पंचायत हरदा की 23907, जनपद पंचायत खिरकिया की 23086, जनपद पंचायत टिमरनी की 26100, नगर पालिका हरदा की 11703, नगर परिषद खिरकिया की 3560, नगर परिषद सिराली की 2314 तथा नगर परिषद टिमरनी की 3327 लाड़ली बहनों के खाते में राशि अंतरित की गई।

**2.31 करोड़ रूपये की राशि अंतरितः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बेलखेड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत जिले के 38489 हितग्राहियों के खाते में 2.31 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 761, वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 13627, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के तहत 4614, कन्या अभिभावक पेंशन योजना के तहत 399, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन सहायता के तहत 833, मुख्यमंत्री अविवाहिता पेंशन योजना के तहत 14, कल्याणी पेंशन योजना के तहत 11642, मंदबुद्धि अथवा बहुविकलांग को आर्थिक सहायता के तहत 719, वृद्धाश्रम में निवासरत अंतःवासियों को पेंशन योजना के तहत 14, सामाजिक सुरक्षा निःशक्तजन पेंशन योजना के तहत 4447, परित्यक्ता पेंशन योजना के तहत 187 तथा सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत 1232 हितग्राहियों के खाते में राशि अंतरित की।

**संबल योजना की राशि अंतरितः** इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत जिले के 50 हितग्राहियों को 1.13 करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इस दौरान सामान्य मृत्यु के 39 प्रकरणों में 2 लाख रूपये के मान से 78 लाख रूपये, दुर्घटना में मृत्यु के 8 प्रकरणों में 4 लाख रूपये के मान से 32 लाख रूपये तथा दुर्घटना में आंशिक अपंगता के 3 प्रकरणों में 1 लाख रूपये के मान से 3 लाख रूपये की राशि हितग्राहियों के बैंक खाते में अंतरित की गई।